15/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज डेनमार्क की अपनी समकक्ष मेटे फ्रेडरिकसेन से बात की। टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने भारत-डेनमार्क हरित रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की और दोनों देशों के लोगों के लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

0000000000000000000

राजभवन, ईटानगर में आज 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, हिमाचल प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने राज्य के विभिन्न विभागों, एजेंसियों और व्यापारिक समुदाय में सेवारत हिमाचली समुदाय के सदस्यों को आमंत्रित कर उनसे बातचीत की। हिमाचल प्रदेश दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, राज्यपाल ने राष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश के विकास और प्रगति के लिए हिमाचली लोगों के बहुमूल्य योगदान के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। हिमाचल प्रदेश को वीरभूमि कहते हुए, राज्यपाल ने सशस्त्र बलों में राज्य की सेवा को गर्व से याद करते हुए उल्लेख किया कि लगभग हर घर से कम से कम एक सदस्य सशस्त्र बलों में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि हिमाचल प्रदेश के अधिकारी और कार्मिक अपनी निष्ठा और प्रेरणादायक रवैये के लिए जाने जाते हैं। राज्यपाल ने कहा कि अन्य राज्यों के स्थापना दिवस मनाने से राज्य में रहने और काम करने वाले समुदायों से जुड़ने का एक सार्थक मंच प्राप्त होता है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने लोंगते उत्सव के अवसर पर राज्य के लोगों, खासकर न्यीशी समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि, लोंगते सिर्फ एक त्यौहार नहीं है, बल्कि हमारी गहरी परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और सभी के शांति, समृद्धि और कल्याण का सामूहिक उत्सव है। यह प्रकृति के प्रति हमारी श्रद्धा और सभी जीवों के साथ हमारे सामंजस्यपूर्ण संबंधों को दर्शाता है। श्री खांडू ने कहा कि, लोंगते की पवित्र भावना हमारे घरों को समृद्धि से भर दे, हमारे समुदायों के बीच एकता के बंधन को मजबूत करे और हमें प्रगति और सद्भाव के मार्ग पर ले जाए।

000000000000000000

नामसाई के गोल्डन पगोडा में कल से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय महा सांगकेन महोत्सव का भव्य आयोजन के साथ शुभारंभ हुआ। आयोजन के पहले दिन की शुरुआत उपमुख्यमंत्री चाउना मेन की अगुवाई में गोल्डन पगोडा में प्रतीकात्मक "भगवान बुद्ध के भोर में धरती पर अवतरण" के साथ हुई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने सभी को सांगकेन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उत्सव के पीछे व्यापक दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए, संस्कृति के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। थाई सांस्कृतिक मंडलों द्वारा कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक प्रदर्शन भी पेश किया गया। इस अवसर पर पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री ओजिंग तासिंग, महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल, विधायक चौ झिंगनु नामचूम सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

000000000000000000

राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज निरजुली में लोंगते महोत्सव के समापन समारोह में भाग लिया। समारोह के बाद मीडिया से बात करते हुए गृहमंत्री ने राज्य के लोगों, खासकर न्यीशी समुदाय को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। गृहमंत्री ने कहा कि न्यीशी समुदाय का यह त्योहार सभी के लिए खुशी, समृद्धि और सांस्कृतिक गौरव लेकर आए। सप्ताह भर चलने वाले संयुक्त लोंगते समारोह का समापन न्यिकुम निया ग्राउंड, निरजुली में राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रदर्शन के साथ हुआ। **"लेट्स सेलिब्रेट लोंगते टू नरचर द नेचर फॉर बेटर फ्यूचर"** थीम के तहत मनाए गए इस उत्सव में ईटानगर राजधानी क्षेत्र और पापुम पारे जिले से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। समारोह में ईटानगर के विधायक, तेची कासो और अन्य गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया।

0000000000000000000000

अखिल अरुणाचल प्रदेश आशा और फ़ेलिसिटेटर्स वर्कर्स यूनियन की अपर सुबनसिरी जिला इकाई कार्यकर्ताओं ने आज दापोरिजो में अपनी मांगों की पूर्ति के लिए सरकार के ख़िलाफ़ अपने लोकतांत्रिक आंदोलन को चिह्नित करने के लिए सड़क पर शांतिपूर्ण धरना एवं जुलूस निकाला।

0000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, क्रा दादी, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने की संभवना है।

00000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल जून से सितंबर तक दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की मौसमी बारिश सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय मोहापात्रा ने कहा कि पूर्वोत्तर, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कुछ इलाकों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक मौसमी बारिश होने की संभावना है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत करते हुए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम रविचंद्रन ने कहा कि इस साल मई और जून के महीनों में देश में पिछले साल की तुलना में दोगुनी गर्मी की लहरें देखने को मिलेंगी।

00000000000000000000